# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

'प्रेस नोट'

आरोही मॉडल विद्यालयों में शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक पदों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 2019

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आरोही मॉडल विद्यालयों में शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक पदों की भर्ती की परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र एवं शुल्क की तिथि अब दिनांक 28 जुलाई, 2019 से 05 अगस्त, 2019 तक बढ़ा दी गई है। इसी प्रकार से ऑनलाईन विवरणों में सुधार की तिथियों में संशोधन कर दिया गया है, अब आवेदक 06 अगस्त, 2019 से 07 अगस्त, 2019 तक अपने विवरण अर्थात् नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, पहचान प्रमाण व संख्या, फोटो, हस्ताक्षर व विषय के चयन (टी0जी0टी0 / पी0जी0टी0 ) में शुद्धि कर सकते हैं।

महिला व पुरूष सभी परीक्षार्थियों द्वारा बांय (**Left**) हाथ के अंगुठे का निशान लगाया जाना है। पद, जाति वर्ग व शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण (Physically challenged) विकल्प में कोई परिवर्तन / सुधार की अनुमति नहीं होगी। फैक्स, ई–मेल, पत्र इत्यादि अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि कोई परीक्षार्थी एक पद के लिए एक से अधिक विषय के लिए आवेदन करता है, तो उसका आवेदन / अभ्यर्थिता रदद् कर दी जाएगी।

परीक्षार्थी नवीनतम अपडेट के लिए बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in का नियमित तौर पर अवलोकन करते रहें ताकि वे किसी भी महत्वपूर्ण व अति–आवश्यक जानकारी / सूचना से वंचित न रह जाएं। परीक्षार्थी किसी भी परेशानी से बचने के लिए समय से ऑनलाईन आवेदन व ऑनलाईन सुधार करना सुनिश्चित करें।

हस्ता / –

**अध्यक्ष**

Scanned by CamScanner